बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

पत्रांक– वि० प्रा० **(II)** नियुक्ति–01 / 2026 / /पटना, दिनांक–

प्रेषक,

संयुक्त सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिक एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **श्री नरेन्द्र कुमार,**
   पिता– श्री नवल सिंह
   ग्राम+पो०– लहसुना, थाना– मसौढ़ी,
   जिला–पटना (बिहार)–804452
   मो० नं०–9919821276
2. **श्री दिग्विजय नारायण,**
   पिता– श्री उदय नारायण सिंह
   C/o- श्री तेज नारायण सिंह,
   दिबान का बड़का गाँव, प्रखण्ड– इटाढ़ी,
   जिला–बक्सर (बिहार)–802123
   मो० नं०–9453926992

विषयः– **राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों की जाँच के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा विज्ञापित विज्ञापन संख्या–63 / 2020 के अन्तर्गत, आयोग के पत्रांक–40, दिनांक–24.08.2026 के द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागान्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक (भौतिकी) के पद पर नियुक्ति हेतु आपके शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों की जाँच **दिनांक–23.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के सभागार कक्ष (तृतीय तल)** में निर्धारित किया गया है।

अतः उक्त के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आप निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्र एवं कागजात के साथ जाँच हेतु उपस्थित होने की कृपा की जाय।

i. मैट्रिक उत्तीर्णता का मूल प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र।
ii. बी०एस०सी० / बी०एस०सी० (ऑनर्स) एवं एम०एस०सी० / एम०फिल० / नेट / पीएच०डी० उत्तीर्णता का मूल प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र।
iii. अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र जो आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया गया हो।
iv. विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र (संविदा सहायक प्राध्यापक के रूप में)।
v. अगर उम्मीदवार सरकारी कर्मचारी हो तो नियोक्ता (Employer) से अनापति प्रमाण–पत्र (No objection Certificate)।

vi. सक्षम प्राधिकार से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के अनु0 जाति/अनु0 जनजाति अभ्यर्थियों के लिए)।

vii. सक्षम प्राधिकार से निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु)।

viii. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण–पत्र।

ix. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र/स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतीनी होने संबंधी प्रमाण पत्र।

x. बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र (Admit Card)/साक्षात्कार पत्र एवं आधार कार्ड।

xi. पासपोर्ट साईज का 2 (दो) रंगीन फोटो। दोनों फोटो के पृष्ठभाग (पीछे) में अपना नाम एवं अनुक्रमांक अंकित कर समर्पित करेंगे।

xii. पूर्ण रूप से भरा हुआ पूर्ववृत सत्यापन प्रपत्र (तीन प्रतियों में) समर्पित करेंगे।

xiii. अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत विहित प्रपत्र में इस आशय का शपथ–पत्र (मूल रूप में) कि सभी प्रमाण–पत्र सही है। उम्मीदवार के विरूद्व किसी थाना में अथवा न्यायालय में कोई मामला दर्ज/विचाराधीन नहीं है। उम्मीदवार का आचरण प्रतिकूल नहीं है।

xiv. उपरोक्त दोनों विहित प्रपत्र विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/dst/ पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड किया जा सकता है।

xv. प्रमाण–पत्रों की जॉच हेतु सम्मिलित होने वाले उम्मीदवारों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

xvi. उम्मीदवार सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति साथ लाना सुनिश्चित करेंगे।

अगर आप अपेक्षित मूल प्रमाण–पत्रों के साथ जॉच हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित नहीं हो पाते है तो आपके उम्मीदवारी के संबंध में अलग से विधिसम्मत निर्णय लिया जायेगा।

ह०/–
(कुमार सिद्धार्थ)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) नियुक्ति–01/2026/ 6590 /पटना, दिनांक – 16.10.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव (एस०)/उप निदेशक (यो०)/अवर सचिव (एम०)/श्री प्रकाश चन्द्रा, प्रशाखा पदाधिकारी/श्री धर्म प्रकाश, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु) विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. विभागीय आदेश संख्या–6430, दिनांक–09.10.2026 द्वारा गठित समिति नियुक्ति हेतु अनुशंसित उम्मीदवारों के शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण–पत्रों की जाँच कर अपना प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करायेगें।

16/10/26

संयुक्त सचिव

धर्म / 16.10.26